हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

06 नपा द्वारा तेजी से कराया जा रहा है पाराशरी नदी का...



10 आज से प्रारंभ होगा चैत्र नवरात्रि पर्व आकर्षक ...





**लोकसभा क्षेत्र**

जबलपुर

1 **भाजपा प्रत्याशी**

आशीष दुबे

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**

दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता**

राकेश सिंह

**जीत का अंतर**

4 लाख 54 हजार 744

## क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

# जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

*महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं हैं। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृति के हैं। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड हैं और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,



आशीष दुबे



दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

### विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

### ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

**खबर संक्षेप**

### सुबह निकलेगी रामधुन आज शाम को वाहन रैली

**विदिशा।** गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसमें सुबह 4:30 से राम धुन प्रभात फेरी श्रीराम जानकी मंदिर लोहा बाजार से प्रारंभ होगी। नीम मिश्री वितरण एवं तिलक स्वागत माधवगंज कांच मंदिर पर सुबह 6 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा। वहीं शाम 4:30 बजे से श्रीरामलीला मेला परिसर से विशाल वाहन रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए नीमताल गांधी चौक पर संपन्न होगी।

### डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार की रात अचानक अस्पताल पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उनके साथ जिपं सीईओ योगेश भरसट मौजूद रहे। निरीक्षण में डीएम ने मरीजों से हाल जाना और अस्पताल की व्यवस्थाएं भी देखी। विदिशा आने के बाद पहली बार कलेक्टर अधिकारियों के साथ अस्पताल पहुंचे हैं। अन्य विभागों का भी उन्होंने अभी तक निरीक्षण नहीं किया है।

### लंबित आवेदनों के निराकरण में कसावट लाने के निर्देश

**एसडीएम को औचक निरीक्षण के निर्देश दिए**

# राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण देरी से डीएम खफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित आवेदनों के निराकरण में कसावट लाने की हिदायत दी।

सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के मामलों में विदिशा जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर है। यह ग्राफ नीचे न हो। इसके लिए ऐसे विभाग जो डी ग्रेड सूची में शामिल हैं, उन्हें विशेष मेहनत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। ताकि मासिक अंतिम रैंकिंग सूची में विदिशा प्रदेश में अव्वल हो सकें। मार्च माह के लंबित आवेदनों के निराकरण पर भी रैंकिंग के आधार पर अंकों व प्रतिशतों की प्राप्ति होगी। ऐसे विभाग जिनके यहां मार्च माह के आवेदन लंबित हैं वे निराकरण कराना सुनिश्चित करें ताकि शत प्रतिशत अंकों की प्राप्ति हो सकें। कलेक्टर वैद्य ने राजस्व विभाग के लंबित आवेदनों पर असंतोष जाहिर करते हुए समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों की अलग से समीक्षा करें और पटवारियों को इस कार्य में संलग्न करें। ताकि राजस्व प्रकरणों के निराकरणों में तेजी आ सके। इसी प्रकार की कार्यप्रणाली अनुविभागीय अधिकारी अन्य विभागों के आवेदनों के मामलों में भी अपनाएं। कलेक्टर वैद्य ने पीएम जनमन योजना के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विदिशा जिले में योजना के तहत चिन्हित सहरिया जनजाति के कुल 47530 आबादी को शत प्रतिशत हितलाभ पहुंचाना है। अतः इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विभागवार प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया है।




**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर वैद्य।

### भय बनाने के लिए करें औचक निरीक्षण

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा की सभी एसडीएम उपार्जन केन्द्रो का भी औचक निरीक्षण करें। जिससे उपार्जन केन्द्रो में भय बना रहे और सभी काम पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर पूरे हों। उन्होंने कहा की केन्द्रों पर किसानों को प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं में कमी नहीं होना चाहिए। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि समर्थन मूल्य पर क्रय किए गए गेंहू का भंडारण खुले क्षेत्र में न हो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि वेयर हाउसो पर ही उपार्जन केन्द्र संचालित हो रहे है अतः हरेक दिन का गेहूं शाम तक नियत वेयर हाउस के चिन्हित स्थलों पर भण्डारित किया जाए ताकि मौसम के बदलाव के कारण कहीं किसी भी प्रकार से क्षति ना हो पाए। कलेक्टर वैद्य ने इसी प्रकार मंडियों का भी औचक निरीक्षण सतत करते रहने के निर्देश एसडीएमों को दिए हैं।

### परस परसोरा गांव में 12 बीघा की फसल जली

**कागपुर।** कागपुर के पास परस परसोरा गांव में चिरौंजी सोनी, बिट्टू सोनी, बाबूलाल सोनी के खेत में फसल कटाई के दौरान हार्वेस्टर के पार्टस आपस में टकराने से गेहूं की 12 बीघा की फसल में आग लग गई। गांव वालों ने फायर ब्रिगेड का इंतजार न करते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। कुछ किसानों ने ट्रैक्टर में पंजा लगाकर और कुछ किसान हरे पत्ते की डोलियों से आग बुझाने में लग गए। किसानों ने अपनी सूझबूझ से आग को काबू कर लिया। नटेरन थाने, कागपुर चौकी, करारिया थाने में फायर ब्रिगेड का होना बहुत जरूरी है। इससे पहले सुराई मूड़रा में भी एक खेत की नरवाई में भूसा बनाते समय आग लग गई थी। जिससे भी गांव वालों ने बुझाया था।

### मैच व रस्साकसी का आयोजन आज

**विदिशा।** मतदाता जागरूकता के तहत क्रिकेट मैच का आयोजन कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर आज सुबह 7 बजे से होगा। जिसमें मीडिया सहित पांच टीमों के मध्य क्रिकेट मैच खेला जाएगा। हर मैच 8 से 10 ओवर का होगा। प्रतियोगिता में 5 टीमें शामिल हैं। मैच के साथ-साथ रस्साकसी प्रतियोगिता भी होगी। रस्साकसी प्रतियोगिता की एक-एक टीम में 15-15 सदस्य शामिल हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बताया की स्वीप गतिविधियों के तहत इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।

## चौथी मंजिल पर तराई करते समय नीचे गिरा मजदूर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

■ मृतक के घर में चार लड़की और एक लकड़ा है।

निर्माणाधीन एक चार मंजिला मकान पर काम कर रहे मजदूर की गिरने से मौत होने का मामला सामने आया है। शहर के खरीफाटक रोड पर चार मंजिला मकान का निर्माण का काम चल रहा है। जहां एक मजदूर मकान की तराई का काम कर रहा था।

इसी दौरान बगल के मकान की टीन पर खड़े होने से हादसा हो गया। टीन ज्यादा मजबूत नहीं होने से वह टूट गई और मजदूर चार मंजिल नीचे गिर गया। जिसके बाद मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच में जुट गई। बताया गया की बंटी नगर के 46 वर्षीय राजाराम लोधी मजदूरी का काम करते थे। उनकी चार लड़की और एक लड़का है। खरीफाटक रोड पर एक मकान का काम चल रहा था। राजाराम मजदूरी का कर रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

## आंधी तूफान के साथ हुई बूंदाबांदी, चली ठंडी हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

■ मौसम विभाग ने तीन दिन बारिश की संभावना जताई।

मौसम में ठंडक के कारण तापमान 3 डिग्री लुढ़क गया है। वहीं मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। सोमवार की शाम अचानक से मौसम बदल और तेज हवा के साथ कुछ देर तेज बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है। पिछले पखवाडे में भीषण गर्मी का दौर चल रहा था। मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है।

सोमवार सुबह से बदल छाए रहे बीच बीच में धूप निकली। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम खराब होने से किसानों को चिंता में डाल दिया है। अभी जिले में कटाई का काम चल रहा है तो वहीं कई खेतों में उपज कटी रखी हुई है। किसानों को अपनी उपज खराब होने का खतरा सताने लगा है। सोमवार को उच्चतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली।

आज उच्चतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। तीन दिनों तक हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।

## बिजली गुल: कॉलेज की फीस भरने छात्राओं को घंटों करना पड़ा इंतजार



**विदिशा।** बिजली गुल होने के कारण छात्राओं को घंटों तक करना पड़ा इंतजार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को फीस भरने को लेकर छात्राएं परेशान को घंटों तक परेशान होना पड़ी। तीन-चार घंटे छात्राएं फीस भरने कक्ष के बाहर बैठकर इंतजार कर रहीं। सुबह 9 बजे से बिजली गुल हो गई। इसके कारण कंप्यूटर पर ऑनलाइन फीस जमा नहीं हो सकी। कुछ छात्राओं के परिजन भी कॉलेज आ पहुंचे। उन्होंने भी यहां की व्यवस्था देखकर काफी नाराजगी जाहिर की। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सामने आकर कुछ भी कहने को तैयार नहीं था। छात्राओं ने बताया की यदि फीस जमा नहीं हुई तो साल खराब हो जाएगा। लेटलतीफी के कारण कई छात्राएं तो बिना फीस जमा किए ही आपस चली गईं। कप्यूटर ऑपरेटर ने बताया की बिजली न होने के कारण ऑनलाइन फीस जमा नहीं हो पा रही थी। बिजली आने के बाद छात्राओं से फीस जमा कराई गई।

### दो आदतन अपराधी जिलाबदर हुए

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने दो आदतन अपराधियों को एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर किया है। जिलाबदर हुए इन आदतन अपराधियों द्वारा गंभीर अपराध घटित करने जैसे लोगो के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, धारदार हथियार से हमला करने, अवैध शराब संग्रहण करना, प्राण घातक हमला करने जैसे जैसे जघन्य सामाजिक अपराध घटित कर माहौल खराब कर आम जनता को परेशान करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं से अनावेदक आरिफ पठान पुत्र सलीम पठान उम्र 23 साल निवासी गली नं. -4 पूरनपुरा थाना सिविल लाइन एवं आकाश पिता रविशंकर तिवारी उम्र 35 साल निवासी ग्राम रसूलपूर थाना त्योंदा को जिलाबदर किया गया है।

### गोष्ठी में कविताएं व रचनाओं की प्रस्तुति दी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** प्रेरणा मंच की गोष्ठी सुमन मंडोरिया के निवास पर हुई। डॉक्टर कमल चतुर्वेदी ने भविष्य के सकारात्मक आयोजनों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। गोष्ठी में सभी विधाओं पर रचनाएँ प्रस्तुत की गईं। अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉक्टर नीरज कनौजिया ने अपनी कविता दर्द की लकीरें प्रस्तुत की जिसकी सभी ने सराहना की। चारू सक्सेना की कविता इंतजार भी सराही गई। संतोष नामदेव, रेखा वर्मा, ज्योति जाधव, कुसुम सिंह तोमर, सुमन मंडोरिया, रितु देवलिया, कमल चतुर्वेदी ने अपनी-अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। बाल साहित्य में श्रीमती नवनीता पांडेय ने प्रेरणादायी चिड़िया की कहानी सुनाई। माया सिंह ने भी रोचक बाल कथा सुनाई। जाग्रति अवस्थी ने दान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रेरणा मंच के सुशील शर्मा, डॉक्टर रीता शर्मा, छाया नामदेव, माधवी श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा ने अपने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए।

### महिलाओं ने वट वृक्ष और तुलसी के पौधे की परिक्रमा कर पति की लंबी उम्र की कामना की

# सोमवती अमावस्या पर बेतवा में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर सुहागन महिलाओं ने वट वृक्ष की और तुलसी की पूजा कर 108 परिक्रमा लगाई।

महिलाओं ने बेतवा नदी में स्नान कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। महिला अपने सुहाग की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना को लेकर यह व्रत करती हैं। विदिशा के बेतवा नदी के घाट पर स्थित वट के वृक्ष पर परिक्रमा करने के साथ-साथ सावरकर बाल विहार और अन्य जगहों पर भी इसी प्रकार से परिक्रमा और पूजा अर्चना की गई। बट वृक्ष के अलावा तुलसी के पौधे की भी परिक्रमा कर पूजा अर्चना की गई। नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए होमगार्ड के गोताखोर और मोटर बोर्ड भी तैनात की गई। वहीं दूसरी और कुछ श्रद्धालुओं का कहना है की बेतवा नदी का पानी प्रदूषित होने की वजह से कई श्रद्धालु पिछले सालों के मुकाबले इस बार बहुत कम बेतवा नदी पर स्नान के लिए पहुंचे।



**विदिशा।** बेतवा में लगाई आस्था की डुबकी।

### हाट बाजार में मतदाता जागरुकता रैली से मतदान करने का संदेश

**विदिशा।** सोमवार को नटेरन की ग्राम पंचायत मोही में ग्रामीण महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी लगाकर मतदान करने का संदेश दिया है। महिलाओं द्वारा अपने हाथों पर मतदाता जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखकर संदेश दिया है कि मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें यह सभी का अधिकार है। इसके अलावा जिले की ग्राम पंचायत सतपाड़ा हाट में भी स्वीप गतिविधि आयोजित हुई है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजार में व्यापारियों तथा ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही ग्राम पंचायत हांसुआ के शासकीय स्कूल में भी मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन हुआ है।

# अज्ञात लोगों ने लगाई नरवाई में आग, गेहूं की फसल बाल-बाल बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों अधिकांश किसानों की रबी फसलों की कटाई और थ्रेसिंग, हार्वेस्टर आदि लगने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। खेतों में सिर्फ नरवाई खड़ी हुई है, जिसका किसान भूसा बनवाने में उपयोग कर रहे हैं। इसी नरवाई को कुछ किसानों और असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाई जा रही है। जिससे आसपास के खेतों में खड़ी फसलों के चपेट में आने की संभावना बनी हुई है।

एक ओर जहां प्रशासन द्वारा नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को अवगत कराया जा रहा है कि आग लगाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता कम हो जाती है साथ ही खेतों में रहने वाले विभिन्न जीव, जंतु, कीट






आदि जलकर नष्ट हो जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी नरवाई में आग लगाई जा रही है। सोमवार को ग्राम नोघई में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खेत में खड़ी नरवाई में आग लगा दी गई। जिससे कुछ समय में ही बड़ी बड़ी लपटें उठने लगी, नरवाई में आग लगने की सूचना सरपंच कुनाल रघुवंशी ने नगरपालिका की दमकम को दी। जिसके बाद दमकल मौके पर पहुंची और नरवाई की आग पर बमुश्किल काबू पाया। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो पास ही रामकृष्ण रघुवंशी के खेतों में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी। जो आग की चपेट में आ जाती तो किसान को लाखों रुपए का नुकसान हो सकता था। लेकिन नपा की दमकल और दमकल कर्मियों की सजगता से शीघ्रता से आग पर काबू पा लेने से खेत में खड़ी फसल आग से बाल बाल बच गई। किसान ने दमकल कर्मियों के कार्य की प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप

### राजीव शिल्पकार का सुयश



**गंज बासौदा।** डॉल्फिन स्कूल के कक्षा 7 वीं के छात्र राजीव पुत्र योगेश शिल्पकार ने फर्स्ट डिवीजन से कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय के प्राचार्य सहित स्टॉफ ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### यातायात पुलिस ने की वाहनों की चैकिंग

**गंजबासौदा।** सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा भावसार पुलिया के पास दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की। यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे ही नगर में बिजली कटौती भी बढ़ती जा रही है। सोमवार पचमा बायपास क्षेत्र में दोपहर के समय बिजली गुल हो गई जो लगभग दो घंटे बाद आई जिससे रहवासियों को गर्मी में बगैर, कूलर,पंखों के समय गुजारना पड़ा। विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी से गर्मी के मौसम में नगर में की जा रही अघौषित विद्युत कटौती बंद किए जाने की मांग की है।

### गोरेलाल अहिरवार का निधन

**गंजबासौदा।** प्रीतम अहिरवार पूर्व सरपंच, गुड्डु अहिरवार, छोटू अहिरवार के बड़े भाई एवं राजेश अहिरवार, अनिल अहिरवार के पिताजी गोरेलाल अहिरवार रेलवे पोंईस मेन बरेठ वालों का गत दिवस निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान भावसार पुलिया गायत्री मंदिर के पीछे बरेठ रोड से सुबह के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ढाई करोड़ रुपए में होगा पाराशरी नदी का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण

# नपा द्वारा तेजी से कराया जा रहा है पाराशरी नदी का गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका द्वारा पारशरी नदी का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ढाई करोड़ रुपए की राशि से उक्त कार्य को अलग-अलग चरणों में गति प्रदान की जा रही है। पचमा बायपास मार्ग स्थित पलोड पेट्रोल पंप के पास नदी के पुल के समीप रिटर्निंग बॉल बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा खुदाई कर ली गई है। इसके अलावा नदी के पानी को एक तरफ कर पोकलेन मशीन से मलवा हटाकर गहरीकरण का कार्य अभी चल रहा है। नगरपालिका इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि पारासरी नदी के सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण के लिए दोनों ओर 1200 मीटर लंबी कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसमें नदी के किनारों पर घाट निर्माण भी नपा द्वारा कराया जाएगा। साथ ही पुल के आसपास स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सौंदर्यीक्रण की भी कार्ययोजना है।

सोमवार को नपा सीएमओ जयंत वर्मा एवं इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने अपने लोक निर्माण





विभाग दल के साथ मौके पर पहुंचकर नदी के गहरीकरण कार्य को देखा और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि गत दिवस एसडीएम विजय राय ने भी गत वर्ष पाराशरी नदी के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण पर अपनी रूचि दिखाते हुए जन सहयोग से उक्त कार्य को पूर्ण करने का प्रयास किया था, लेकिन मानसून आने के कारण नदी का गहरीकरण विस्तार पूर्वक नहीं हो पाया। बेदनखेडी बायपास मार्ग स्थित नदी के दोनों ओर गत वर्ष गहरीकरण एवं चौडीकरण कार्य किया गया था और पलोड पेट्रोल पंप के पास भी गहरीकरण कार्य हुआ था। जिसका परिणाम यह रहा कि बारिश में निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई। नपा इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि चार चरण में नदी के गहरीकरण सौदर्यीकरण पर कार्य होंगे। नदी के घाटों पर दोनों ओर पंचतत्व समिति द्वारा सौंदर्यीकरण के लिए पौधरोपण किया जाएगा। नदी में मिलने वाले गंदे पानी को भी ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से नदी में मिलने से रोका जाएगा। उन्होंने बताया कि गत वर्ष पारासरी नदी का गहरीकरण देरी से प्रारंभ हुआ था, लेकिन इस साल मार्च माह से ही संसाधन जुट गए है। जिसको लेकर उम्मीद है कि बारिश के पूर्व गहरीकरण कार्य पूरा किया जा सकता है। जिससे लोगों को बारिश में परेशानी नहीं होगी।

पारासरी नदी के सौंदर्यीकरण के लिए नपा द्वारा कार्य किया जा रहा है, लेकिन इन सबके बीच पारासरी नदी को सदानीरा बनाए रखने के लिए बेतवा से लिंक करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। पंचतत्व सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र दांगी ने बताया कि बीते दिनों अल्प प्रवास पर आए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भी उन्होंने यह प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद पूर्व सीएम ने लोकसभा चुनाव के बाद उक्त कार्य का सर्वे कराकर उसे बजट अनुसार स्वीकृति प्रदान कराने का आश्वासन दिया था। पूर्व सीएम के इस आश्वासन के बाद पारासरी नदी के सौदर्यीकरण में फिर से एक बार उम्मीद जागी है। उन्होंने बताया कि यदि ग्राम पंचायत गमाकर के पास से बेतवा नदी का पानी पारासरी नदी तक लाया जाएगा तो इसका लाभ उन ग्रामों को भी मिलेगा, जो वर्तमान स्थिति में जल संकट से जूझ रहे है। फिलहाल इसकी रूप रेखा तैयार की जा रही है।

## ऑटो यूनियन की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वेत्रवती तट पर स्थित नौलखी धाम आश्रम पर श्री जगन्नाथ महाप्रभु एवं श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10 से 20 अप्रैल तक होने जा रहा है। जिसके निमित रविवार को ऑटो यूनियन परिवार की बैठक रेलवे स्टेशन के समीप सम्पन्न हुई। जिसमें गंजबासौदा यातायात प्रभारी आशीष राय ने ऑटो तेज़ गति में न चलाए जाएं एवं ओवर लोड ऑटो न चलाने की बात कही। वही ऑटो यूनियन के सदस्य लाला खटीक ने बताया कि समस्त यूनियन द्वारा स्टेशन रोड, त्योंदा रोड एवं बरेठ रोड से नौलखी धाम आश्रम का किराया मात्र 20 रुपए लिया जाएगा, सावरकर चौक, गाँधी चौक, सिरोंज चौराहा एवं राजेंद्र नगर से मात्र 10 रुपए किराया लिया जायेगा। ऑटो यूनियन के सदस्यों का कहना हैं कि इस धार्मिक आयोजन में हम सभी न्यूनतम किराया लेकर सहयोग करेंगे। यह सभी शुल्क बैठक के दौरान निश्चित हुई हैं। बैठक में यूनियन के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगता में भाग लेने छात्रा पहुंची पटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



67वीं राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 9 अप्रैल तक बिहार की राजधानी पटना में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने डॉल्फिन की छात्रा निमिषा पुत्री सुशील तिवारी कक्षा 9 पटना पहुँच गई है। जहाँ वह मध्य प्रदेश की टीम का नेतृत्व करेगी। निमिषा की उपलब्धि में विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका है, जिनके मार्गदर्शन में निमिषा ने यह उपलब्धि हासिल की है। निमिषा की उपलब्धि पर नवांकुर और डॉल्फिन विद्यालय परिवार ने उसे शुभकामनाऐं देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

## ऑटो चालकों की मनमानी बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में प्लेटफ़ार्म निकास गेट के सामने नो पार्किंग जोन में ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा अपने वाहन ऑटो रिक्शा खड़े कर दिये जाते हैं। इसके अलावा ऑटो चालकों द्वारा बीच सड़क पर अपने ऑटो खड़े कर सवारियां बैठाई जाती हैं। जिसके कारण स्टेशन के सामने वाहनों का जाम लग जाता है तथा यात्रियों के साथ साथ आम राहगीरों को भी अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ता है।



## परीक्षा में अव्वल आए विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 23-24 के आयोजन के बाद गत दिवस उसके परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर स्नातक मेडीकल स्तर तक जिले में 10000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उक्त परीक्षा में नगर के 6 छात्रों ने जिला एवं 24 छात्रों ने तहसील स्तर पर जगह बनाई है। सोमवार को इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर जिला एवं तहसील स्तर पर अव्वल आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, समाजसेवी कांतिभाई शाह, पूर्व प्राचार्य ज्ञानप्रकाश भार्गव, नवांकुर प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक मुकेश तिवारी को अतिथि के रूप में आमंत्रित



किया गया था। इन अतिथियों ने रतनबाई स्कूल की स्नेहा कुशवाहा सहित सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी श्यामसुंदर माथुर, तहसील समन्वयक सुरेश सैनी, रमाकांत सहित बडी संख्या में गायत्री परिवार के लोग एवं गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत



गंजबासौदा। बीती रात बासौदा त्योंदा मार्ग पर ग्राम मोरोदा के पास मोड पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार लोगों को मामूली चोटें आईं। बताया जाता है कि मोड पर ट्रैक्टर को ओवर टेक करते समय दोनों बाइकों की आमने सामने भिडंत हुई थी। जिसमें एक बाइक सवार जगमोहन कुशवाह गंभीर रूप से एवं उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया। बाद में ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

## 10 अप्रैल से नौलखी महोत्सव का होगा शुभारंभ

# प्राण प्रतिष्ठा के यजमानों का प्रायश्चित संस्कार आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नौलखी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के यजमानों का प्रायश्चित संस्कार मंगलवार को सुबह 8 बजे आश्रम के घाट पर ही संपन्न होगा। प्रायश्चित संस्कार के पश्चात यजमान यज्ञ में बैठने के लिए वर्णित हो जाएंगे। 10 अप्रैल से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरुआत हो जाएगी। आयोजन स्थल पर कथा पंडाल, साधु, संतों और यजमानों के निवास का कार्य पूरा हो गया है। महा मंडलेश्वर संतों के लिए आश्रम पर विशेष तरह के कुटीनुमा टेंट के आवास तैयार कराए गए हैं। मालूम हो कि वेत्रवती घाट पर स्थापित दशकों पुराने नौलखी आश्रम के जीर्णोद्धार के बाद आगामी 10 से 20 अप्रैल तक चलने वाले भगवान जगदीश स्वामी, राम दरबार के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सहित 33 कुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ के साथ रामलीला और राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। राम कथा का वचन अयोध्या के प्रसिद्ध कथा वक्ता आचार्य रत्नेश महाराज द्वारा किया जाएगा जबकि अयोध्या, उड़ीसा और वृंदावन के आचार्यों द्वारा देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। आयोजन के दौरान महोत्सव में नगर, ग्रामीण क्षेत्र से लाखों श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में महंतों, महामंडलेश्वरों सहित विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से साधु संतों की जमातों के शामिल होने की संभावना है। उप यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि सुबह 8 बजे वेत्रवती घाट पर यज्ञ में बैठने वाले सभी यजमानों का पंचगव्य सहित विभिन्न वस्तुओं से उनका प्रायश्चित संस्कार कराते हुए जनेऊ धारण कराया जाएगा। इसके पश्चात सभी यजमान यज्ञ में बैठने के लिए पात्रता की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। आश्रम पर महोत्सव के दौरान विराजमान होने जा रही देव प्रतिमाओं के नवीन विग्रहों की शोभायात्रा भव्य कलश यात्रा के साथ बुधवार को स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से प्रारंभ होगी। जो कि नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वेत्रवती घाट स्थित आश्रम पर पहुंचेगी। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की जल सेवा और महाप्रभु जगन्नाथ जी के स्वागत के लिए नागरिकों से मंदिर समिति ने अपील की है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहेंगी।

# हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर देखने के बाद वापस लौटा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगरपालिका अतिक्रमण अमले को उस समय बेरंग लौटना पड़ा जब बरेठ रोड स्थित एक प्लॉट पर चल रहे भवन निर्माण को तोड़ने के लिए नपा अमला पहुंचा। कार्रवाई से पहले संबंधित भवन मालिक द्वारा नपा अमले को हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर को दिखाया गया, जिसके बाद नपा कर्मियों ने इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और एसडीएम के निर्देश के बाद नपा अमला बगैर कोई कार्रवाई करते हुए वहां से वापस लौट आया।

नपा इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि बरेठ रोड भावसार पुलिया के पास भूमि स्वामी राजू जैन का प्लॉट है, भू-स्वामी को उनकी जमीन पर कार्य करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन आगे पड़ी हुई शासकीय जमीन पर वह अपने भवन का निर्माण करना चाहे रहे थे। इससे पहले भी नपा ने उन्हें पूर्व में भी नोटिस दिए थे। उक्त



भवन के निर्माण के समय सत्ता एवं विपक्ष के पार्षदों द्वारा भी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, आंदोलन किया गया था। जिसके बाद भू स्वामी ने कार्य रोक दिया था। लेकिन बाद में धीरे-धीरे बाद में वहां पर पक्का भवन बनकर तैयार हो गया। दिन के समय में कार्य न करते हुए रात को कार्य में गति दी थी। जिसकी सूचना मिलने पर सोमवार को नपा अमला उसे तोडने के लिए जेसीबी मशीन सहित दल-बल के साथ पहुंचा था, लेकिन जैसे ही प्लॉट मालिक ने हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाया तो नपा को यह कार्रवाई रोकनी पड़ी। इस संबंध में एसडीएम विजय राय का कहना है कि प्लॉट मालिक द्वारा हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुशरण का परिपालन करते हुए उक्त कार्रवाई रोक दी गई। नपा ने नवनिर्मित भवन की वीडियोग्राफी फोटोग्राफी कराई है। यदि इसके बावजूद अगर प्लॉट मालिक निर्माण कार्य को गति देता है तो आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### पंचतत्व का पक्षियों के लिए निःशुल्क जलपात्र वितरण कार्यक्रम आज

**गंजबासौदा।** नवसंवत्सर, गुडी पडवां के अवसर पर पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गर्मियों में पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध कराने के लिए जलपात्र का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। यह आयोजन मंगलवार को दोपहर 3 बजे स्टेशन हनुमान मंदिर से आरंभ होगा। जिसके बाद समिति सदस्य एवं गणमान्य नागरिक पैदल चलते हुए सुभाष चौक, नेहरू चौक, जयस्तंभ चौक, हनुमान चौक होते हुए सावरकर चौक पहुंचेंगे। जहां इस कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान समिति सदस्य रास्ते भर लोगों एवं दुकानदारों को जलपात्रों का निःशुल्क वितरण करेंगे। ताकि इनमें गर्मियों में पानी और दाने रखे जा सकें। जिससे पक्षी भीषण गर्मी में भी पानी एवं दाने के लिए परेशान न हों। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व पिछले कई सालों से यह अभियान चला रही है। इसके अलावा संस्था द्वारा गर्मियों में लावारिस मवेशियों के लिए भी जलपात्र उपलब्ध कराए जाते हैं।

ईद की तैयारियां जोरों पर, बाजार गुलजार, कपड़ा, मिठाइयों, जूते-चप्पल व किराना दुकानों पर भीड़

# ईदगाह पर सुबह 7:15 बजे और जामा मस्जिद में 7:45 बजे अदा की जाएगी ईद की विशेष नमाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पाक महीना रमजान अब अपने अंतिम पड़ाव पर है आगामी आगामी 11 अप्रैल को ईद उल फितर मनाई जाएगी जिसको लेकर मुस्लिम समाज द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं ईद के मध्य नजर जहां एक और बाजार गुलजार दिखाई दे रहे हैं तो वहीं शहर की अधिकांश मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग इबादत के लिए पहुंच रहे हैं इस्लाम धर्म में वैसे तो रमजान काफी महत्वपूर्ण माना जाता है इसके अलावा आखिरी 10 दिन इबादत के लिहाज से काफी फजीलत रखते हैं यही वजह है कि सिरोंज की अधिकांश मस्जिदों में लोग इबादत में व्यस्त हैं इधर जमा मस्जिद कमेटी ने ईद की नमाज का टाइम टेबल भी प्रकाशित कर दिया है इंतजामया कमेटी जमा मस्जिद के सदस्य कवि गौरी ने बताया कि ईदगाह पर सबसे पहले 7:15 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी इसके अलावा चार अन्य बड़ी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी।

## जामा मस्जिद मे 7:45 बजे होगी ईद की विशेष नमाज

ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तत्वावधान में ईद उल फित्र जोश-खरोश के साथ मनाई जाएगी। ईदगाह, जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों मे हजारों बंदे अदा करेंगे ईद की खुसूसी नमाज़। कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि विश्वभर में रमज़ान उल मुबारक के रोजों के बाद मनाई जाने वाली ईद मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तत्वावधान में जोश-खरोश के माहौल में मनाई जाएगी। वही 10 एंव 11 अप्रैल को ईद के दिन सभी एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद पेश करेंगे। डॉक्टर वसीम ने प्रदेश वासियों को ईद की शुभकामनायें देते हुए कहा कि अल्लाह पाक के फ़ज़ल-ओ-करम से ईद का यह त्यौहार हमारे लिए सभी प्रकार की खुशियां और सुख, समृद्धि लाए तथा हम सब मिलजुल कर परस्पर सहयोग और भाईचारे से देश के विकास में अपनी भूमिका का से निर्वाहन करते रहें। वही उन्होंने कहा कि ईद की नमाज़ अदा करने की तरह ही सदका-ए-फित्र की अदायगी भी हर धनवान मालदार और साहिबे निसाब मुसलमान पर वाजिब है। इसलिये वह खुद अपनी तरफ से और अपने एहलोअयाल (परिजनों) की तरफ से भी अपने मोहल्ले तथा आसपास के गरीबों, अनाथों विकलांगों को इसे फ़ौरन अदा करें और इसके लिये फीनफर (प्रतिव्यक्ति) एक किलो छःसौ तैंतीस ग्राम गेहूं या उसकी कीमत जो वर्तमान भाव में लगभग 70 रू होती है इसे हर एक धनवान मुसलमान को अदा करना ज़रूरी है। यह अदायगी ईद की नमाज़ से पहले पहले अदा कर दे तो ज्यादा अच्छा है। शहर सिरोंज मे ईद की विशेष नमाज ईद के दिन ईदगाह पर सुबह 7:15 बजे, बिलाल मस्जिद मे 7:30 बजे, जामा मस्जिद मे 7:45 बजे, ताज मस्जिद मे 7:45 बजे, मस्जिद कमनगिरान मे 8 बजें ईद की नमाज़ अदा की जायेगी।

## ईद के दिन मीठी सिवैया शीर खुरमा से किया जाता है अतिथियों का सत्कार

*ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम बंधु एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां और मुबारकबाद पेश करेंगे तथा घरों में शीर खुरमा एवं मीठी सिवैयों के भी व्यजन बनाए जाऐंगे। नमाज के बाद विश्व शान्ति अमन सलामती भारत के कल्याण एंव भारत वासियों की ख़ुशहाली के लिए सामूहिक इजतिमाई दुआ भी कराई जायेगी। ईद के दिन मुसलमानों के घर पहुंचने वाले अतिथियों का सत्कार भी मुस्लिम बंधु मीठी सिवैयों एवं शीरखुरमे से ही करते हैं। इस दिन सभी मुस्लिम नए कपड़े पहनते हैं तथा खुशबुएं लगाते हैं। ईद से पूर्व की रात जो कि ह्यह्यचांद रातह्नह्न कहलाती है जिसमें अनेक बुजुर्ग मस्जिदों में रतजगा करके विशेष इबादत करते हैं तथा सर्वहरा वर्ग की सुख शांति के लिये दुआएं करते हैं। जबकि कई मुस्लिम बंधु इस रात में बाजारों में ख़रीदारी करते हैं इस वास्ते चांद रात में बाजारों में काफी चहल-पहल रहती है। ईद के दिन मुस्लिम बच्चों में विशेष उत्साह देखा जाता है। सभी बच्चे अपने बुजुर्गों और परिवार के बड़ों के साथ सुबह सवैरे ईद की नमाज अदा कर अपने-अपने घरों से जामा मस्जिद,ईदगाह तथा मोहल्लों की मस्जिदों की ओर पैदल अथवा सवारियों पर कूच करते हैं ईद के दिन शाम को तथा उसके दूसरे, तीसरे दिन यहां तक कि पखवाड़े भर शहर में जगह-जगह ईद मिलन के कार्यक्रम होते हैं।*



## ईद की तैयारी में जुटे लोग, बाजारों में दिखाई दे रही रौनक

*ईद-उल-फितर के त्यौहार को लेकर मुस्लिम समाज में खुशी का माहौल देखा गया। ईद पर खरीदी के लिए बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिली। बाजार में कपड़ा,मिठाईयों,जूते चप्पल,रेडीमेड,किराना की दुकानों पर ज्यादा भीड़ देखी गई । महिलाएं चूड़ियों की दुकानों पर बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुच रही है। वही रमजान उल मुबारक के महीने में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा, तरावी, कुरान की तिलावत, खैरात,जकात, फितरा निकाला जाता है जो गरीबों को दिया जाता है। रमजान में रोजा इफ्तार के आयोजन भी खूब हुए विभिन्न जगहों पर रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया गया। ईद आते ही बाजारों में रौनक बड़ गई है। दुकानों पर मोलभाव कर जमकर खरीदारी की जा रही है। सोमवार को बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से महिला व पुरूष नगर में खरीदी के लिए पहुचें।*

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत

## एसडीएम हर्षल चौधरी ने मृतक की पत्नी को सौंपा 4 लाख रुपए का चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के वार्ड क्रमांक 17 मसानिया मंदिर के पास अपने बगीचे में कृषि कार्य कर रहें भैयालाल कुशवाह की विद्युत लाईन से करंट लगने से दिनांक 19 फरवरी 2023 को मृत्यु हो गई थी। वही मृतक की पत्नि श्रीमति सविता बाई ने तहसील कार्यालय में आर्थिक सहायता अनुदान हेतु आवेदन प्रत्र प्रस्तुत किया था। इस पर तहसीलदार द्वारा जांच व कार्यवाही के उपरांत सोमवार को एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया द्वारा मृतक की पत्नि को तहसील कार्यालय बुलाकर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 की कंडिका -4 (1) के तहत मृत्यु होने पर चार लाख रूपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत का चेक महिला को दिया गया।

दिगंबर जैन महिला परिषद व सोमा संभाग का कार्यक्रम

# महिला समूह ने वृद्ध जनों का फल व कपड़े प्रदान कर किया सम्मान

**सिरोंज।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद एवं सोमा संभाग की महिला समूह ने वृद्ध और निंसहाय वृद्धजनों को मां आश्रय स्थल पहुंच कर फल खाद्य पदार्थों के साथ सभी स्त्री,पुरुषों को यथा योग कपड़े प्रदान कर सम्मान किया। इस मौके पर इन्द्रा विजय राज, सुधा गुरधानी, शशी जैन विदिशा, साधना जैन भौंरिया, अनिता, अंजू,निधि, भाषिता सहित बडी संख्या में सोमा संभाग महिला समूह की माहिलाए मौजूद रही।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी जनों का मन मोहा

# संत सुधासागर इंटरनेशनल स्कूल में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

कक्षा 2 के छात्रों ने दी नृत्य की प्रस्तुति, अभिभावकों ने भी खेलों में हिस्सा लेकर लुत्फ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के आरोन रोड पर स्थित संत सुधासागर इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा यूकेजी, केजी 2 से कक्षा पहली में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान अध्यापक गौरव दुबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के छात्र-छात्रोंओं द्वारा मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वही केजी 2 के छात्र द्वारा प्रार्थना का वादन किया गया। इसके पश्चात संत सुधा सागर इंटरनेशनल विद्यालय के शिक्षक अनुरोध दांगी द्वारा नन्हे मुन्ने छात्रों को पूर्व प्राथमिक स्तर से प्राथमिक स्तर की औपचारिक शिक्षा में प्रवेश हेतु उद्बोधन के माध्यम से शुभकामनाएं दी। वही कक्षा 2 के छात्रों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसको देखकर अभिभावकों में उल्लास व खुशी उत्पन्न हुई तथा ग्रेजुएशन समझ में यूकेजी 2 प्रमाण पत्र डिग्री के रूप में दिए गए। कार्यक्रम में यूकेजी के छात्रों के अभिभावकों के लिए विद्यालय द्वारा कुछ खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्रों के अभिभावकों ने हिस्सा लेकर आनंद की अनुभूति की तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका रिया रघुवंशी द्वारा किया गया। इस मौके पर खेलों में विजेता अभिभावकों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा धन्यवाद के माध्यम से बच्चों में व्यक्तित्व का चाहू मुख विकास करने में अभिभावकों तथा शिक्षकों को अपना अमूल्य योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इन विचारों के माध्यम से सभी का धन्यवाद किया गया।




# ब्राह्मण मैत्री की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ब्राम्हण मैत्री सामाजिक संस्थान द्वारा शेरपुरा स्थित विकास पचौरी फाउंडेशन के सेवाघर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान के संकल्प लेने की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से समझा एवं आगामी दिनों में आने वाली भगवान परशुराम जयंती पर होने वाले सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन परशुराम जयंती पर शॉपिंग मेले के साथ सास्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना पर सभी सदस्यों ने विचार विमर्श किया। बैठक में तय किया कि 27 और 28 अप्रैल को स्थान जालौरी गार्डन में विभिन्न प्रतियोगिता रखी जाएंगी। जिसमें प्रबुद्ध मातृशक्तियों द्वारा धर्म उपनिषद संस्कृति विषय पर व्याख्यान होंगे। प्रतियोगिया में बच्चो के लिए ड्रामा, नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद्ययंत्र, गायन, कलात्मक प्रतियोगिता होंगी। प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ दो दिवसीय इस आयोजन में शॉपिंग के लिए उद्धमी मातृशक्तियों द्वारा स्टॉल्स लगाए जाएंगे जहां से खरीदारी भी की जा सकेगी। आर्ट एंड क्राफ्ट से साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे। ब्राह्मण मैत्री की संस्थापक ऋतु देवलिया ने बताया कि यह आयोजन पिछले 10 वर्ष से निरंतर नवीनता के साथ होता चला आ रहा है। कार्यक्रम की संयोजक अंजू कटारे, कोषाध्यक्ष अर्चना दीक्षित सहित शैलजा कटारे ,श्वेता देवलिया, नीता चतुर्वेदी, रुचि शर्मा, सीमा शर्मा, शशि चौबे, मीनू शर्मा मंजू पांडे, रितु देवलिया उर्मिला उपाध्याय , कल्पना भार्गव,सिद्धि उपाध्याय, तरूणा चतुर्वेदी, राजकुमारी शर्मा, सोनम आसोपा, शीला शर्मा, मंजू द्विवेदी ने समस्त समाजजनों से आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की।



## वन स्टॉप सेंटर सखी जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में वन स्टॉप सेंटर सखी जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में संपन्न हुई है। बैठक में वन स्टॉप सेंटर सखी द्वारा संचालित गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई विगत वर्ष किए गए कार्यों के संबंध में भी जानकारी प्रस्तुत की गई। उक्त बैठक में वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाइन 181 के प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया है। वन स्टॉप सेंटर का नवीन भवन आवंटन ना मिलने के कारण रुका हुआ है जिसके लिए पत्राचार किया गया है के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अस्पताल में इस प्रकार के हिंसा से संबंधित प्रकरणों में यदि काउंसलिंग या सपोर्ट की आवश्यकता हो तो वन स्टॉप सेंटर को सूचना दी जाए, किसी भी विभाग का यदि महिला केंद्रित कार्यक्रम वेबीनार या वर्कशॉप इत्यादि हो तो वन स्टॉप सेंटर को प्रतिभागी बनाया जाए ताकि इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो सके। किसी भी विभाग में महिलाओं के आर्थिक उन्नयन या स्वरोजगार हेतु योजनाएं संचालित होती हैं तो उससे वन स्टॉप सेंटर सखी की हितग्राही महिलाओं को जोड़ा जाए समेत अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर से भी अनिल कुमार डामोर जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रोजा अफ्तार कर मांगी अमन चैन की दुआ पं. बृजमोहन शर्मा का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

मुस्लिम समाज के पवित्र रमजान माह में नगर परिषद शमशाबाद द्वारा जामा मस्जिद में रोजेदारों के लिए रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा अफ्तार में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी ने सभी मुस्लिम भाइयों को रमजान एवं आने वाली ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमारा नगर भाईचारे की मिशाल है। यहां हर परिस्थिति में भी दोनों समाजों ने मिलकर कभी भी नगर को आंच नहीं आने दी। मुस्लिम समाज ने सरपरस्त हाजी डॉक्टर अजीज खान ने कहा की हमारे नगर में रोजा अफ्तार की परंपरा प्राचीन समय से ही चली आ रही है। सभी हिंदू मुस्लिम भाई मिलकर रोजा अफ्तार करते हैं। पिछले कई वर्षों से परंपरा अनुसार जामा मस्जिद के पास स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित ब्रजमोहन महाराज का सम्मान मुस्लिम समाज द्वारा किया गया। रोजा अफ्तार के दौरान तमाम रोजेदारों ने अल्लाह से नगर में खुशहाली एवं तरक्की की दुआ मांगी। कहा जाता है की इफ्तार के वक्त रोजेदार की दुआ जरूर कुबूल होती है। मुस्लिम समाज के सदर नजर अली ने नगर परिषद का शुक्रिया अदा करते हुए कहा की रोजा अफ्तार एक पुण्य का काम है। रोजेदार का रोजा खुलवाने से मालिक की रहमत उस शख्स पर बरसती है, जो रोजा खुलवा रहा है। पवित्र रमजान माह का यह अंतिम असरा चल रहा है। पूरे रमजान माह को तीन असरों में बांटा गया है। अंतिम असरा जहन्नुम से निजात का है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी, पार्षद मनमोहन साहू, कुलदीप शर्मा, जुगल चौकसे, प्रेम नारायण प्रजापति, कंछेदी कुशवाह, भाजपा मंडल महामंत्री गणेश खटीक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गुड्डु खान, मंडल अध्यक्ष बंटी खान आदि उपस्थित रहे।

# नर्मदा मैया में लगाई डुबकी

**बरेली।** सोमवती अमावस्या पर नर्मदा मैया में स्नान डुबकी लगाने नर्मदा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। सुबह से प्रत्येक दो पहिया, चार पहिया वाहन का रुख नर्मदा तट अलीगंज, मांगरोल, बगलवाड़ा, डूमर, घाट पिपरिया, सोजनी, मौतलसिर, बौरास केतोघान की ओर बना रहा। आज मंगलवार से शक्ति की भक्ति आराधना का चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है। एक दिन नर्मदा मैया में स्नान कर नर्मदा जल पूजन पाठ के लिए घरों में लाने श्रद्धालु सक्रिय बने रहे। प्रति माह नव रात्रि पडती है परंतु वर्ष की दो बार शारदीय एवं चैत्र की नवरात्रि पर्व देवी भक्तों द्वारा विशेष पूजा पाठ उपवास रख कर मनाई जाती है। चैत्र की नव रात्रि में विशेष योग संयोग बन रहे है। इस कारण भी चैत्र की नवरात्रि मनाने देवी भक्तों में उत्साह बना नजर आ रहा है। एक दिन पूर्व सोमवार को नगर के बाजारों एवं पूजा पाठ की सामग्री बेचने वाली दुकानों पर सामग्री खरीदने भीड का नजारा बना रहा वहीं किराना एवं फलों की दुकानों पर फलाहारी सामग्री खरीदने नगर एवं ग्रमीाण क्षेत्र से आए लोगों की भारी उपस्थिति भीड भाड बनी रही।

**जल अर्पण से शुरूआत:** आज मंगलवार को नव रात्रि की शुरूआत हो रही है। देवी भक्त नर-नारियों द्वारा खेरापति माता मंदिर एवं अन्य दुर्गा मंदिरों में मातारानी को जलअर्पण पूजन के साथ दिन की शुरूआत की जाएगी। देवी मंदिरों में जल चढाने पूजन की विशेष व्यवस्थाएं भी की गई है। ठाकुर कोरी पुरा में प्रति वर्ष की भांति 51 खप्पडों के साथ महाकाल गुरप पर मां काली की प्रति स्थापित कर धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

## आज श्रीजी मंदिर से निकलेगी कलश शोभायात्रा

**बरेली।** हरिओम नगर दालमिल मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चैत्र की नवरात्रि में शिव महापुराण कथा का आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है। कथा प्रारंभ होने से नगर की पूर्व परंपरानुसार श्रीजी मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा व्यास सनातन धर्म प्रवक्ता गौ सेवक पं. बड़े सरकार के श्रीमुख से नगर एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमियों को संगीतमयी शिवपुराण कथा श्रवण का दोपहरी 2 से शाम 5 बजे तक अवसर प्राप्त होगा। मंगलवार की दोपहर में प्राचीन श्रीजी मंदिर से धूमधाम के साथ नगर में कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भाग लेने की सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है।

# कई कांग्रेसियों ने एक साथ ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सागर संसदीय क्षेत्र लोकसभा प्रत्यासी डॉक्टर लता वानखेडे अल्प प्रवास के दौरान रघुवंश वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया ।

कार्यकर्ता सम्मेलन में वर्तमान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गिरजेश साहू, जिला परिषद सदस्य ठाकुर मोहर सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश गुप्ता, वीरेंद्र जैन सहित कांग्रेसी ग्राम पंचायत सरपंच एवं प्रतिनिधि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता विधायक हरि सिंह सप्रे एवं लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े ने दिलाई। लोकसभा चुनाव जैसे जैसे करीब आ रहे हैं वैसे वैसे कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं से मुक्त होती जा रही है। विधायक सप्रे ने वोटिंग के दिन से पहले के तीन दिन जी जान से चुनाव में मेहनत करने की अपील की। लता वानखेडे अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है मैं एक छोटी सी कार्यकर्ता पंच एवं सरपंच का चुनाव लड़ा, आज मुझे लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर पार्लियामेंट में जाने का अवसर प्रदान किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का मंच सचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सैनी द्वारा किया गया।



**कुरवाई।** कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं भाजपा प्रत्याशी।

# शुद्ध स्वतंत्र, निष्पक्ष लोकसभा निर्वाचन में मीडिया सहयोग करे: आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मीडिया कर्मियों से आगामी लोकसभा निर्वाचन को शुध्द, स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने में सहयोग की अपेक्षा की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालने कराने में मीडिया की महत्ती भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक आज मकरोनिया स्थित एक होटल में ''निर्वाचन में मीडिया की भूमिका'' विषय पर आयोजित मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस असवर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश कुमार उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, चुनाव आयोग के मास्टर टेनर श्री वाय.पी. सिंह भी उपस्थित थे।दीपक आर्य ने मीडिया कर्मियों से कहा कि चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन प्रकिया संपन्न करवाई जाती है। पेड न्यूज पर नियंत्रण के साथ ही उसकी निगरानी के लिए एमसीएमसी (मीडिया अनुवीक्षण एवं मीडिया प्रमाणन समिति) का गठन भी किया जाता है। चुनाव तभी सफलतापूर्वक संपन्न होंगे जब मीडिया हाउस निष्पक्ष रूप से सहयोग करेंगे तथा पेड न्यूज, फेक और भ्रामक खबरों के प्रकाशन से स्वयं को तटस्थ रखेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी निगेटिव खबर के प्रकाशन अथवा प्रसारण के पूर्व उसकी सत्यता या वस्तुस्थिति का पता अवश्य लगा लेना चाहिए। दीपक आर्य ने मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर भी दिये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए लागू आचरण संहिता के पालन में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### प्रतापभानु शर्मा बुधवार को सिलवानी आएंगे

**सिलवानी।** विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप भानु शर्मा बुधवार 10 अप्रैल को सिलवानी आ रहे हैं। वह यहां पर कार्य कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि विदिशा लोकसभा चुनाव को लेकर सिलवानी ब्लॉक के समस्त मंडलम सेक्टर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 10 अप्रैल बुधवार को विश्वकर्मा गार्डन सियरमऊ रोड में रखा गया है। जिसमें विदिशा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा शर्मा, विदिशा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राजकुमार पटेल, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुमताज खान उपस्थित रहेंगे।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन एकता की देखी मिसाल

**सलामतपुर।** हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ सामाजिक सौहार्द की बानगी दिखी जब सोमवार की शाम सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाडी में आयोजित इफ्तार पार्टी में भारी संख्या में हिंदू व मुस्लिम भाइयों ने हिस्सा लिया। ग्राम अंबाडी में मुस्लिम समाज द्वारा दावत-ए-रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी धर्म एवं सम्प्रदाय के लोगों ने प्रमुखता से भाग लिया। इफ्तार पार्टी में गंगा-जमुनी तहजीब की झलक दिखाई दी। सभी लोगों ने एक साथ इफ्तार किया। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने मगरिब की नमाज अदा की।

### पूर्व सीएम ने वीकलपुर में कार्यकर्ताओ से की भेंट

**सिलवानी।** विदिशा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ग्रामो का भ्रमण कर ग्रामीणों से रुबरु हो रहे है। इसी कड़ी में दो दिनी अंचल के भ्रमण के दौरान श्री चौहान ने वीकलपुर ग्राम में भाजपा मंडल पूर्व क्षेत्र अध्यक्ष दीपक रघुवंशी के निवास पर रात्रि विश्राम किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओ से चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की तथा प्रत्येक बूथ पर 370 वोटो का इजाफा करने के टिप्स दिए। स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा का झंडा फहलाया। यहां पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप भी प्रज्जोलित किया तथा ग्राम के हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर माथा टेका।

### जिलाबदर के 13 प्रकरणों में कार्रवाई की गई

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविंद दुबे द्वारा मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिले के 12 आदतन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है। इनके अतिरिक्त एक आदतन अपराधी को 50 हजार रू का बंधपत्र 6 माह की अवधि के लिए निष्पादित करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा आरोपी अन्नू उर्फ राघवेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम भैंसा थाना सुल्तानगंज तथा आरोपी अंतिम पिता मोहनदास बैरागी उर्फ भोलादास बैरागी निवासी एचईजी के सामने मंडीदीप थाना मण्डीदीप जिला रायसेन को एक-एक वर्ष के लिए जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया है।

## नवदेवियों की उपासना का महापर्व है नवरात्रि: पं संजय भार्गव

# आज से प्रारंभ होगा चैत्र नवरात्रि पर्व आकर्षक ढंग से सजाए गए देवी मंदिर

### अश्व में सवार होकर पृथ्वी लोक में आएंगी मां दुर्गा, हाथी पर जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सिलवानी

चैत्र नवरात्रि पर्व का मंगलवार से आगाज रहा रहा है। 9 दिनी नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओ में उत्साह देखा जा रहा है। नगर के देवी मंदिरो में आकर्षक सजावट की गई है। घरो में भी नवरात्र पर्व को लेकर मातारानी के भक्तो के द्वारा तैयारियो की जा चुकी है। नगर के मॉ विजयासन कांच मंदिर में पूजन, आरती सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। बताया जा रहा है कि नव रात्र के मौके पर देवी मंदिरो के अतिरिक्त घरो में शक्ति की देवी मॉ दुर्गा की आराधना पूर्ण विधि विधान के साथ की जाएगी। 9 दिन तक श्रद्धालु आदि शक्ति की भक्ति में लीन रहेगें।

चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 9 अप्रैल मंगलवार से होने जा रहा है जिसको लेकर शहर से लेकर गांव तक के दुर्गा मंदिरों में खास तौर से साफ सफाई और अनुष्ठान के लिए व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक देवी दुर्गा के 9 अलग अलग स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा उपासना की जाती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से आरंभ होकर 17 अप्रैल तक रहेगी।

**खास बातें**

- नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में देखा जा रहा उत्साह
- अश्व पर सवार होकर आएगीं मां दुर्गा एवं हाथी पर सवार होकर जाएगीं
- दुर्गा मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जा रहा।



### हिन्दू नववर्ष के आगाज के साथ ही शुरू होती है नवरात्रि

हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो जाती है। इसके साथ इस तिथि से ही नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत आरंभ होता है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना होती है, फिर अष्टमी और नवमी तिथि को छोटी कन्याओं की पूजा होती है।

### हाथी की सवारी पर प्रस्थान के संकेत माने जाते हैं शुभ

पंडित संजय भार्गव ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है। इस बार चैत्र की नवरात्रि 17 अप्रैल को राम नवमी के दिन समाप्त होगी और उस दिन बुधवार है। नवरात्रि की समाप्ति बुधवार को होने पर माता हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करती हैं। हाथी की सवारी पर प्रस्थान के शुभ संकेत वाला माना जाता है। यह अच्छी बारिश, अच्छी फसल और किसानों को भरपूर फसल प्राप्त करने का संकेत देती है। मंगलवार प्रतिपदा तिथि, 9 अप्रैल 2024 शुभ मुहूर्त, सुबह 05 बजकर 28 मिनट से सुबह 10 बजकर 44 मिनट तक। इसके बाद घटस्थापना का दूसरा शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 56 मिनट से दोपहर 3 बजकर 47 मिनट तक रहेगा।

### नवरात्रि घटस्थापना और पूजा विधि

*मिट्टी को चौड़े मुंह वाले बर्तन में रखें और उसमें सप्तधान्य बोएं। अब उसके ऊपर कलश में जल भरें और उसके ऊपरी भाग गर्दन में कलावा बांधें। आम या अशोक के पत्तों को कलश के ऊपर रखें। नारियल में कलावा लपेटे। उसके बाद नारियल को लाल कपड़े में लपेटकर कलश के ऊपर और पत्तों के मध्य रखें। घटस्थापना पूरी होने के पश्चात मां दुर्गा जी का आवाहन करते हैं।*

## 5 लाख से अधिक की शराब और लाहन का किया जब्त

### चुनाव के चलते आबकारी की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिले में अवैध मदिरा विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन तथा चोर्यनयपर कठोर कार्यवाही करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायसेन अरविंद दुबे के आदेशनुशार, सहायक आयुक्त आबकारी जिला रायसेन वंदना पाण्डेय के निर्देशन एवम सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व में सोमवार को वृत्त प्रभारी आरके विश्वकर्मा आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बरेली द्वारा आबकारी उपनिरीक्षक रविन्द्र अहिरवार वृत्त बेगमगंज,वृत्त में पदस्थ आबकारी बल एवa जिले से प्राप्त आबकारी बल के सहयोग से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर ग्राम नारदखेड़ा, अमरावद ढाबा, पथरई तथा बहरावन में दबिश देकर 6 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए।

कायम प्रकरणों में 75 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा, 20 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त कर कब्जे आबकारी लिया। दो स्थानों से लोहे तथा प्लास्टिक के ड्रमो सहित प्लास्टिक की पन्नियों में भरा हुआ अवैध मदिरा विनिर्माण हेतु तैयार 5100 किलोग्राम गुड़ लाहन बरामद कर मौके पर विधिवत सेंपल लेकर मय ड्रमो के मौके पर नष्ट किया। 4 आरोपी अंतोबाई रायसिख, संतोबाई रायसिख, सोनू आदिवासी एवम रानी बाई रायसिख को मौके पर गिरफ्तार किया। दो आरोपी पूर्व मौके फरार होने से उनके विरुद्ध अज्ञात में प्रकरण कायम किए गए।

उक्त कार्यवाही में जब्त मदिरा एवं गुड़ लाहन का अनुमानित बाजार मूल्य रुपए 5 लाख 26 हजार 400 आंकलित किया गया।



फोटो : सोनू कुशवाह

**बेमौसम की बारिश से भीगा क्विंटलों गेंहू**

## बिजली के लिए किसान हो रहे परेशान बिगड़ रही मूंग की फसल की बोवनी

**किसान बोले- जब बिजली ही नहीं मिल रही तो कैसे बनेगी खेती लाभ का धंधा, 24 घंटे में से सिर्फ 40 मिनट ही मिल रही बिजली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर





सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाना चाहती है लेकिन कभी प्रकृति की मार तो कभी बिजली संकट फसल की अच्छी पैदावार में अड़चन पैदा कर रहा है। ऐसे ही हालात वर्तमान में रायसेन जिले के सांची विकासखंड में बने हुए हैं। किसानों को 24 घंटे में से मात्र 40 मिनट बिजली मिल रही है जिससे किसान मूंग की फसल में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जिले में इन दिनों गेहूं की कटाई-बिक्री के बाद गर्मी की मूंग तीसरी फसल के लिए किसानों को बोवनी जारी है। लेकिन उन्हें पलेवा और सिंचाई के लिए समय पर पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है।

किसानों का कहना है कि 24 घंटे में लगभग चालीस मिनट बिजली दी जा रही है। किसानों ने मूंग की फसल की बोवनी कर दी है। सिंचाई करना है मगर बिजली नहीं मिलने के कारण मूंग की फसल में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जिससे मूंग की बोवनी बिगड़ रही है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी ऐसी गर्मी में बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर दोपहर बारह से शाम पांच बजे तक बिजली की कटौती करने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी बिजली कई बार आती-जाती रहती है।

इस संबंध जानकारी लेने के लिए जब सांची सलामतपुर बिजली वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष श्रीवास्तव को कॉल किया तो उन्होंने उठाया नही। फिर उनको मैसेज किया तो उन्होंने मीटिंग में होने का बोलकर बाद में बात करने को कहा।

### जमीन नीचे से सूखी रखी

*मैंने 5 एकड़ भूमि में मूंग की फसल बोई है। लेकिन बिजली नही मिल रही है। 24 घंटे में से मुश्किल से बिजली कभी आधा घंटे, कभी 40 मिनिट से ज़्यादा नही मिल रही है। 2 मोटर लगाने के बाद भी पानी की पूर्ति नही हो पा रही है। ज़मीन नीचे से सूखी ही रखी है। अगर ज़मीन में नमी नही होगी तो हमारी फसल तैयार कैसे होगी।*

*- गजेंद्र सिंह राजपूत, स्थानीय किसान।*

### 40 के लिए मिल रही बिजली

*सरकार कहती है कि खेती को लाभ का धंधा बनाएंगे। अगर किसान को बिजली ही उपलब्ध नही होगी तो खेती कैसे करेंगे। अभी हालात यह हैं कि बिजली सुबह 6 बजे से सिर्फ 6:40 तक 40 मिनिट के लिए मिल रही है। ऐसे में ना तो पानी भर पाते हैं और ना ही मूंग की फसल में पानी दे पा रहे हैं। हम किसानों की मांग है कि बिजली रात भर दी जाए। जिससे कि हमारी मेहनत पर पानी ना फिर पाए।*

*- नेहाल सिंह ठाकुर, स्थानीय किसान।*

## बारिश से मौसम हुआ ठंडा भीषण गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से शहर का मौसम बदला हुआ है। वहीं सोमवार को दोपहर में बारिश भी हुई तथा आसपास के क्षेत्रों में ओले भी गिरे। बेमौसम की बारिश से किसानों तथा गल्ला व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि इस समय गेंहू खरीदी का कार्य चल रहा है, जिससे खरीदी केंद्रों पर एवं व्यापारियों द्वारा खरीदा माल खुले में पड़ा होने से उनकों भारी नुकसान हुआ है। वहीं खेतों में भी कटाई का कार्य चल रहा है और खलियानों में



भी गेहूं की उपज रखी है।

मौसम को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ गई। मौसम विभाग ने 9 अप्रैल को जिले में तेज गरज चमक के ओले के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। ऐसा मौसम 11 अप्रैल तक बना रहेगा।

## अवैध तरीके से बेंचे जा रहे पटाखों को एसटीएफ टीम ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के बेगमगंज में एसटीएफ की टीम ने गर्ल्स स्कूल रोड पर एक दुकान से भारी मात्रा में पटाखों जब्त किए। हालांकि व्यापारी का कहना था कि 18 तारीख को उनके यहां शादी है। इसके लिए आतिशबाजी के पटाखे खरीद कर लाए हैं।

एसटीएफ प्रभारी सुनील बरोले, तहसीलदार एसआर देशमुख, टीआई संतोष सिंह, एसआई केशव शर्मा टीम के साथ बस स्टैंड और गर्ल्स स्कूल रोड के बीच कपड़े की दुकान पर पहुंचे जहां मुखबिर की



सूचना पर लाइसेंस और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर दुकान में रखे पटाखे जब्त कर एक बड़े बोरे में भरकर सील बंद किए गए।

दुकानदार का कहना था कि घर में शादी समारोह है इसलिए लेकर आए हैं। टीम ने पटाखे जब्त कर मामला दर्ज किया है।

## 30 जून तक ट्यूबवेल व हैंडपम्प खनन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में पेयजल एवं घरेलू प्रयोजनों के लिए आमजन को जल प्रदायगी बनाए रखने तथा जल वितरण सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर अरविन्द दुबे द्वारा तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण रायसेन जिले को 30 जून तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत नए निजी ट्यूबवेल/हैण्डपम्प खनन पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत सम्पूर्ण जिले में बिना सम्यक अनुमति के कोई भी निजी ट्यूबवेल / हैण्डपम्प का खनन नहीं किया जाएगा। इस आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए दण्डित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा नलकूप खनन अनुज्ञा जारी करने के लिए संबंधित एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्राधिकार के लिए अधिकृत किया गया है। यह आदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों पर शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप खनन पर लागू नहीं होगा।

**प्रावधानों के उल्लंघन पर हो सकती है 2 साल तक की कैद व जुर्माना**

## मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से चुनावी मामले का प्रदर्शन रहेगा प्रतिबंध

*◆ भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया कवरेज के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन व प्रचार) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान



समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा। टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है।

### चुनावों के दौरान स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन करना चाहिए

*आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक स्वैच्छिक आचार संहिता भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है।*

## मतदान के लिए शादी जैसे आमंत्रण पीले चावल डालकर दे रहे हैं न्योता

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने अनोखे अंदाज से जागरूता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें इसके लिए वोटर अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य बीएलओ आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा रंगोली बनाकर और हाथों में मेंहदी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और अनोखे ढंग से बैंड बाजे के साथ पीले चावल देकर अनोखे अंदाज में मतदान के लिए निमंत्रण दिया जा रहा हैं।

लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रायसेन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के दिशानिर्देश अनुसार तहसीलदार प्रमोद उइके के मार्गदर्शन में नगर



परिषद बाड़ी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी निरुपमा एस यादव महिला बाल विकास पर्यवेक्षक जुलेखा खान की टीम आयोग द्वारा स्वीप साप्ताहिक कलेंडर अनुसार विभिन्न स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। वाहनों में स्टीकर पोस्टर चस्पाकर बाइक रैली, मेहंदी, रंगोली, पीले चावल से आमंत्रण के साथ 85 प्लस मतदाता का सम्मान कर उन्हें घर पर वोटिंग की सुविधा के बारे में जानकारी के साथ विभिन्न स्वीप गतिविधियों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।